सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-358**
13/08/2018

माकपा नेता विजयकांत ठाकुर के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 13 अगस्त, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने माकपा के पूर्व राज्य सचिव एवं केन्द्रीय कमेटी सदस्य विजयकांत ठाकुर के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे किसानों, मजदूरों व गरीबों के सच्चे हितैषी थे और उनके हक के लिए हमेशा समर्पित रहते थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं समर्थकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******